# प्रतिबंधित के बाद दुगुनी कमाई का जरिया बना अमानक पॉलिथिन थैलियों का कारोबार!



कामयाब कलम रिपोर्टर।

**बीकानेर।** नगर निगम की नाकामी से बीकानेर में अमानक पॉलिथिन थैलियों का चलन बड़े पैमाने पर चल रहा है। इसके चलते सरकार की सख्त पाबंदी के बावजूद बीकानेर शहर के हर रोज सैंकड़ो टन अमानक पॉलिथिन थैलियों की खरीद फरोख्त का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। खास बात तो यह है कि पाबंदी के बाद अमानक पॉलिथिन थैलियों की कालाबाजरी शुरू हो गई है। शहर में अब एक ऐसा बड़ा गिरोह सक्रिय हो गया जो चोरी छूपे दिल्ली, मध्य प्रदेश और गुजरात से अमानक थैलियों की खेप मंगवाकर यहां बीकानेर समेत आस पास शहरों और गांवों में सप्लाई कर रहा है। इस मामले की जांच पड़ताल में पता चला है कि बीकानेर में अमानक थैलियों की खेप स्लीपर कोच प्राईवेट बसों में लगेज के जरिये आ रही है। इसके अलावा कई ट्रांसपोर्ट कंपनिया भी अमानक पॉलिथिन सप्लाई की इस तस्करी में शामिल है। होली के त्यौहारी सीजन में डिमांड बढ़ने की आंशका को देखते हुए तस्करों ने यहां अपने गोदामों में अमानक पॉलिथिन थैलियों का स्टोक शुरू कर दिया है। शहर के बड़ा बाजार, पूगल रोड़, फड़ बाजार, रानी बाजार में ऐसे आधा दर्जन से ज्यादा गोदाम है जो अमानक पॉलिथिन थैलिया से भरे पड़े है। इसके अलावा अमानक रानी बाजार औद्योगिक क्षेत्र, घड़सीसर रोड़, पुरानी माल गोदाम रोड़, उदासर, बी सेठिया गली समेत ऐसे अनेक इलाके है जहां अमानक पॉलिथिन थैलियों का अकूत भंडारण है। सूत्र ने बताया कि सरकार की ओर से पाबंदी लगाये जाने के बाद अमानक पॉलिथिन थैलियों का कारोबार अब दुगुनी कमाई का जरिया बना गया है। उसने बताया कि बीकानेर में ऐसे कई कारोबारी है जो अमानक पॉलिथिन थैलियों की बड़े पैमाने पर कालाबाजारी भी कर रहे है।

### कार्यवाही के बाद बदल लिये ठिकानें

शहर में चल रहे अमानक पॉलिथिन थैलियों से जुड़े इस कारोबार की पड़ताल में पता चला है कि बीकानेर मे अमानक पॉलिथिन थैलियों के ऐसे कई सप्लायर है जिनक पर कार्यवाही की गाज गिर चुकी है। जिन्होने अब ठिकाने बदल कर चोरी छूपे काम करना शुरू कर रखा है। कार्यवाही से बचने के लिये इन्होने अपने पुराने ठिकाने अब नई जगहों पर बना लिये है। लेकिन इनके ऐजेंट आज भी पुराने ठिकानों पर बैठकर ऑर्डर बुक करते है। इनमें करीब दर्जनभर ऐसी फर्मे है जो जिलेभर में अमानक पॉलिथिन थैलियों की सप्लाई करती है। अगर इन फर्मो की दुकानों और गोदामों में सर्वे किया जाये तो हजारों टन अमानक पॉलीथिन बरामद हो सकता है। लेकिन नगर निगम प्रशासन की ओर से सर्वे के लिये गठित टीमें इन फर्मो की दुकानों और गोदामों में कार्यवाही के बजाय छोटी मोटी दुकानों पर कार्यवाही कर अपनी जिम्मेदारी निभा रही है। जानकारी में रहे कि 20 से कम माइक्रॉन की पॉलीथिन का उपयोग नियम विरुद्ध है। यदि अब कोई भी विक्रेता या ग्राहक के पास यह अमानक पॉलीथिन पाई जाती है तो जुर्माने की कार्यवाही का प्रावधान है। इसके बावजूद बीकानेर शहर में अमानक पॉलीथिन बैग पर प्रतिबंध दिखावा साबित हो रहा है।

# नरेंद्र मोदी के अजमेर दौरे को लेकर भाजपा रानी बाजार मंडल की अहम बैठक आज



कामयाब कलम रिपोर्टर।

**बीकानेर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित अजमेर आगमन को लेकर भारतीय जनता पार्टी के रानी बाजार मंडल ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में मंडल की एक अति आवश्यक एवं विस्तृत संगठनात्मक बैठक 25 फरवरी 2026 को शाम 6:00 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक का मुख्य उद्देश्य बीकानेर से अधिकतम कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाना है।

**पवन पुरी में होगी बैठक**

बैठक का आयोजन पवन पुरी स्थित बीकानेर नर्सिंग होम के सामने सुरेश भसीन के निवास पर किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता रानी बाजार मंडल प्रभारी एवं जिला मंत्री कौशल शर्मा, जिला महामंत्री एवं पूर्व उपमहापौर राजेंद्र पंवार तथा मंडल अध्यक्ष मुकेश सैनी संयुक्त रूप से करेंगे।

**'यात्रा समिति' का गठन, रणनीति पर मंथन**

मंडल अध्यक्ष मुकेश सैनी ने बताया कि प्रधानमंत्री की यात्रा को सफल और ऐतिहासिक बनाने के लिए विशेष 'यात्रा समिति' का गठन किया गया है। बैठक में समिति के दायित्वों, रूट चार्ट, कार्यकर्ताओं के परिवहन, प्रवास व्यवस्था और समन्वय रणनीति पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि 'हर बूथ से कार्यकर्ता' के संकल्प के साथ अजमेर पहुंचने की व्यापक योजना तैयार की जाएगी।

**पदाधिकारियों को सौंपे गए दायित्व**

जिला कार्यकारिणी सदस्य रामशरण मिश्रा, मंडल महामंत्री जसवंत सोलंकी एवं अरुण सोलंकी, मंडल उपाध्यक्ष मुकेश बन, ज्योति विजयवर्गीय तथा घेवर पंवार ने बताया कि संगठन के प्रत्येक स्तर पर जिम्मेदारियां तय की जा रही हैं। मंडल मंत्री ओम खत्री, प्रीति माहेश्वरी एवं रेखा पंडित सहित सभी मोर्चा अध्यक्षों को अपने-अपने मोर्चों की सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

**उपस्थिति अनिवार्य**

इस महत्वपूर्ण बैठक में रानी बाजार मंडल के सभी सक्रिय सदस्य, बूथ अध्यक्ष, बूथ कार्यकारिणी, शक्ति केंद्र संयोजक, मोर्चा कार्यकारिणी एवं प्रकोष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। साथ ही मंडल क्षेत्र में निवासरत भाजपा के जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यकर्ताओं में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। रानी बाजार मंडल ने 'मिशन अजमेर' के तहत बीकानेर से अजमेर कूच को उत्सव का रूप देने का संकल्प लिया है।

# सेमीनार में बोले वक्ता, जल संरक्षण आधारित बागवानी किसानों की समृद्धि का मार्ग

कामयाब कलम रिपोर्टर।



**बीकानेर।** उद्यान विभाग द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत 'संरक्षण आधारित बागवानी-सतत विकास का मार्ग' विषयक सेमिनार मंगलवार को स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में संपन्न हुआ। दो दिवसीय सेमिनार के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि स्वामी केशवानंद कृषि विश्वविद्यालय की निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ दीपाली धवन थी। उन्होंने बताया कि जल संरक्षण आधारित बागवानी से ही किसानों की समृद्धि व खुशहाली का मार्ग प्रशस्त होगा। छात्र कल्याण निदेशक डॉ एच एल देशवाल ने बताया कि मृदा नमी संरक्षण, वर्षा जल संचयन व सूक्ष्म सिंचाई तकनीक द्वारा जल संरक्षण को बढ़ावा देकर ही किसान आर्थिक रूप से सक्षम बन सकते है। इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक हरिशंकर आचार्य ने राज्य सरकार द्वारा 2 वर्षों में किसान हित में उठाए गए विभिन्न ऐतिहासिक कदमों व उपलब्धियों की जानकारी दी। सहायक निदेशक उद्यान मुकेश गहलोत ने कहा कि जिले में सब्जी उत्पादन की व्यापक संभावनाएं हैं। किसान, जल संरक्षण तकनीकी बूंद-बूंद सिंचाई के महत्व को समझें। अगेती सब्जी फसल लेकर किसान समय पूर्व उपज प्राप्त कर अधिक आमदनी प्राप्त कर सकते हैं। विश्वविद्यालय की सहायक निदेशक जनसम्पर्क भाग्यश्री गोदारा ने किसानों के साथ विभिन्न राज्य योजनाओं के बारे में चर्चा की। केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान डॉ. हनुमान ने बताया कि किसान सरक्षित खेती के महत्व को समझें। जल संरक्षण व बचत तकनीकी का उपयोग करते हुए पोली हाउस खेती से किसान समृद्ध व खुशहाल हो सकते हैं। कृषि अधिकारी उद्यान रमेश भाम्भू ने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा देय विभिन्न अनुदान योजनाओं के बारे में जानकारी दी। शुष्क बागवानी संस्थान के डॉ रामकेश मीणा ने अनार, बैर, सिट्रस, खजूर फल-बगीचा स्थापना की उन्नत तकनीकी के संदर्भ में बताया। संयुक्त निदेशक उद्यान डॉ रेणु वर्मा ने बताया कि जल संरक्षण आधारित बागवानी वर्तमान समय की मांग है। किसान अधिक से अधिक सूक्ष्म सिंचाई, पॉली हाउस, लॉ-टनल, मल्चिंग जैसी जल सरंक्षित खेती को अपनाकर आमदनी को बढ़ावा दें। सेमिनार में जिले के 100 से अधिक युवा प्रगतिशील नवाचारी उद्यान किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में उद्यान विभागीय अधिकारी डॉ विजय कुमार बधाई, जोधराज कालीरावणा, लक्ष्मण सिंह शेखावत, अनिरूद्ध, पुष्पेन्द्र सिंह, धर्मपाल, बनवारीलाल सैनी, करणीदान चारण, ओमप्रकाश गोदारा, शिवभगवान इत्यादि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक निदेशक उद्यान मुकेश गहलोत ने किया।

# मुख्यमंत्री ने किसानों, युवाओं और महिलाओं के नाम लिखी 'पाती'

कामयाब कलम रिपोर्टर।

**बीकानेर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा युवाओं, किसानों और महिलाओं के लिए पाती लिखी गई है। मंगलवार को जिले में इस पाती के वितरण की शुरूआत किसानों को पाती वितरण के साथ हुई। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित समारोह के दौरान जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक हरि शंकर आचार्य, उद्यान विभाग की संयुक्त निदेशक रेणु वर्मा, सहायक निदेशक मुकेश गहलोत, कृषि विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा निदेशालय की निदेशक डॉ. दीपाली धवन, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एचएस देशवाल तथा विश्वविद्यालय की सहायक निदेशक जनसंपर्क भाग्यश्री गोदारा ने इसकी शुरूआत की। आचार्य ने बताया कि मुख्यमं इनमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि छह से बढ़ाकर नौ हजार रुपए की गई है। इससे प्रदेश के 76 लाख से अधिक किसानों को अब तक 11 हजार करोड़ रुपए से अधिक राशि सीधे बैंक खातों में प्राप्त हुई है। वीबी-जीरामजी के माध्यम से अब किसानों को 125 दिनों का रोजगार और आय सुरक्षा निश्चित होगी। राजस्थान कृषक समृद्धि योजना के तहत गेहूं खरीद पर दिए गए बोनस से 2.67 लाख किसानों को लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि किसानों को आपदा प्रभावित क्षेत्रों में 3 हजार 481 करोड़ रुपए की सहायता दी गई हैं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 6 हजार 415 करोड़ रुपए के दावों का भुगतान किया गया है। उन्होने बताया कि राज्य सरकार ने सिंचाई और ऊर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। करीब एक लाख हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की नई सुविधाएं विकसित की गई हैं। बिजली बिलों में 48 हजार 591 करोड़ रुपाए की सब्सिडी और 2 लाख से अधिक नए कृषि कनेक्शन दिए गए हैं। मुकेश गहलोत ने उद्यान विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया और कहा कि किसानों की आय बढ़े तथा उन्हें मेहनत का पूरा मूल्य मिलने के साथ उनका भविष्य सुरक्षित हो, यह राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**आज से शुरू होगा वितरण**

सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय द्वारा बुधवार को महिलाओं के नाम मुख्यमंत्री की पाती का वितरण बीछवाल स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र से प्रारम्भ किया जाएगा। यह पाती महिला एवं बाल विकास विभाग, महिला अधिकारिता विभाग तथा राजीविका के माध्यम से महिलाओं को वितरित की जाएगी। वहीं युवाओं के नाम मुख्यमंत्री की पाती का वितरण गुरुवार को संभाग के सबसे बड़े राजकीय डूंगर महाविद्यालय में आयोजित समारोह में किया जाएगा। यह पाती आरएसएलडीसी, रोजगार विभाग, मंडल पुस्तकालय आदि के माध्यम से वितरित की जाएगी।

# सफलता : बीटीयू की आकांक्ष, चन्दन और मोनू का 7 लाख पैकेज पर चयन




कामयाब कलम रिपोर्टर।

**बीकानेर।** बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के 3 सिरेमिक इंजीनियरिंग विद्यार्थियों का चयन 7 लाख सीपीसी के आकर्षक पैकेज पर भारत की लीडिंग इंटीग्रेटेड रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी अवाडा ग्रुप मुंबई द्वारा किया गया हैं। बीटीयू के जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि यह प्रतिष्ठित औद्योगिक समूह युवा प्रतिभाओं को बेहतर करियर अवसर प्रदान करने के लिए विख्यात है। चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के साथ करियर डवलपमेंट के दीर्घकालिक अवसर भी मिलेंगे। साथ ही इस वर्ष सिरेमिक डिपार्टमेंट में शत प्रतिशत प्लेसमेंट हुआ। इसके अलावा कई मल्टीनेशनल कंपनीज ने बीटीयू के विद्यार्थियों को लेने के लिए अपनी रुचि दिखाई है और वह कैम्पस प्लेसमेंट के लिए बीटीयू को अपनी प्रथमिकता में शामिल कर रही हैं। इस अवसर कुलगुरु प्रो.अखिल रंजन गर्ग ने चयनित विद्यार्थी आकांक्षा शर्मा, चन्दन कुमार और मोनू सैनी को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर प्रयासरत है कि विद्यार्थियों को श्रेष्ठ प्लेसमेंट अवसर मिलें तथा उद्योग और शिक्षण संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो। वहीं प्राचार्य डॉ परबंत सिंह संधू ने इसे बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह सफलता गुणवत्ता शिक्षा, अनुभवी संकाय और विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है तथा आने वाले समय में और अधिक कंपनियों के कैंपस आने की संभावना है, जिससे सिरेमिक क्षेत्र में रोजगार के नए आयाम खुलेंगे और विश्वविद्यालय की पहचान और मजबूत होगी। सिरेमिक डिपार्टमेंट के एचओडी अमित सुधांशु एवं संजीत कुमार ने बताया कि सिरेमिक क्षेत्र में बढ़ती औद्योगिक मांग के चलते कंपनियों का रुझान विश्वविद्यालय की ओर तेजी से बढ़ा है और कई प्रतिष्ठित कंपनियां बेहतर वेतन और आकर्षक ऑफर्स के साथ कैंपस विजिट कर रही हैं। लेसमेंट अधिकारी डॉ. अलका स्वामी ने जानकारी दी कि विद्यार्थियों के पास निरंतर ऑफर्स आ रहे हैं और इस वर्ष प्लेसमेंट का रिकॉर्ड पहले से बेहतर रहा है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि के पीछे विश्वविद्यालय की स्टूडेंट प्लेसमेंट टीम के अभिषेक आचार्य, निरंजन शर्मा, मानसी, हर्षवर्धन, लवीना, रुद्राक्ष एवं सानिध्य का भी विशेष योगदान रहा।

# होली पर खूब बिक रहे भांग के आइटम

कामयाब कलम रिपोर्टर।





होली के मौके पर शहरी परकोटे में भांग के आइटम भी खूब बिक रहे है। इनमें भांग के भुजिया, बरफी, केसर कुल्फी समेत रबड़ी भी शामिल है। सबसे ज्यादा डिमांड भांग के भुजियों की रहती है। दरअसल, होली पर भांग के स्पेशल भुजिया बनाये जाते है। जो गिनी-चुनी दुकानों पर ही मिलते है। इसकी मांग सिर्फ होली पर होती है इसलिए कारोबार भी सिर्फ 15-20 दिन ही होता है। इसमें भांग मिलाकर बनायी जाती है. इसलिए ये भांग की भुजिया ही कहलाती है. इस भुजिया को पूरा शहर छोटे बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग तक सभी बड़े चाव से खाते हैं. यह भुजिया साल में सिर्फ इसी समय 15 से 20 दिन बनायी जाती है. हालांकि ये थोड़ी महंगी होती है. इसका बाजार भाव 400 रुपए किलो है. जो साधारण भुजिया से थोड़ा ज्यादा है। इसके अलावा मोतीपाक, दिलखुशाल, कचौड़ी, दूध राबड़िया और पापड़ सहित कई ऐसे खाद्य उत्पाद है जिसमें भांग का सर्वाधिक इस्तेमाल होता है। इन दिनों बीकानेर में भुजिया के अलावा माजम और केसर कुल्फी की सर्वाधिक मांग है।

**भांग का अधिक सेवन हो सकता है नुकसानदेह**

हालांकि होली के मौके पर कुछ लोग भांग का शौकिया तौर पर सेवन करते हैं। कई लोग इसे महादेव का प्रसाद मानते है। लोगों की अपनी-अपनी धारणा है। लेकिन भांग का अधिक सेवन नुकसानदायी साबित होता है। डॉक्टर्स के मुताबिक भांग का अधिक मात्रा में सेवन मानसिक रोग दे सकता है. इसके साथ ही ब्लड प्रेशर का बढना़, हार्ट अटैक, आंखों का लाल होना जैसी समस्या पैदा हो सकती है. इसलिए भांग का ज्यादा सेवन करने से बचना चाहिए है।

# वेटरनरी विश्वविद्यालय में स्पोकल-26 का हुआ आगाज

कामयाब कलम रिपोर्टर।




**बीकानेर।** वेटरनरी विश्वविद्यालय के दो संघटक वेटरनरी महाविद्यालय एवं एक डेयरी महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिये अन्तर महाविद्यालय खेलकूद, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिता 'स्पोकल-26' का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वेटरनरी विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. सुमंत व्यास ने विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा स्पोर्ट्स गतिविधियों में प्रतिभागी बनने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में टीम भावना, परस्पर सहयोग एवं व्यक्तित्व विकास को बल मिलता है। खेलकूद प्रतियोगिताओं का प्रारम्भ रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता से हुआ। अधिष्ठाता, वेटरनरी महाविद्यालय, बीकानेर प्रो. बी.एन. श्रृंगी ने सभी का स्वागत किया एवं कहा कि विद्यार्थियों को खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक प्रतिभागी बनना चाहिए। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. पंकज कुमार थानवी ने बताया कि खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में बॉस्केट बॉल, वालीबॉल, क्रिकेट, रस्सा-कस्सी, टेबल-टेनिस, बैडमिंटन, लॉन-टेनिस, वाद-विवाद प्रतियोगिता, आशुभाषण, रंगोली एकल एवं समूहगान, एकल एवं समूह नृत्य, दौड़ भाला एवं गोला फैंक आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुलसचिव पंकज शर्मा, प्रति कुलगुरु प्रो. हेमन्त दाधीच, निदेशक प्रसार शिक्षा प्रो. राजेश कुमार धूड़िया, अधिष्ठाता डेयरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, बीकानेर प्रो. राहुल सिंह पाल सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी, फैकल्टी, विद्यार्थी एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. प्रवीण कुमार पिलानियां व डॉ. परमाराम गोरछीया वेटरनरी महाविद्यालय, बीकानेर, डॉ. महेन्द्र सिंह मील, डॉ. जागृति श्रीवास्तव व डॉ. निखिल श्रृंगी वेटरनरी महाविद्यालय, नवानिया (उदयपुर) एवं डॉ. सुनिल कुमार व डॉ. सोनिया डेयरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, बीकानेर के टीम मैनेजर के रूप में उपस्थित रहे।


MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

**निलामी सूचना**

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.03.2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
बीकानेर, आदर्श कॉलोनी, 117680730059886,

ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के ज़रिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.



कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग, उ.वि. एवं राजस्व खण्ड प्रथम बीकानेर

क्रमांक: 2528–2546 दिनांक 16.02.2026
फोन :– 0151–2226456 ई–मेल :– eepdr1.bik.phed@rajasthan.gov.in

**बोली सूचना संख्या :– 54-58/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्न हस्ताक्षरकर्ता द्वारा जन स्वा. अभि. विभाग के पंजीकृत/सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु यह बोली Website www.dipronline.org एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है बोली प्रपत्र विक्रय अंतिम दिनांक 25.02.2026 को 12.00 बजे तक बेचे जावेगें एवं दिनांक 26.02.2026 को दोपहर 12 बजे तक प्राप्त कर उसी दिन दोपहर 1:00 बजे उपस्थित बोलीदाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों जो भी उपस्थित रहना चाहे, के समक्ष खोली जावेगी ।

बोली शुल्क ई–चालान/नगद/ डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से बजट मद 0075-00-800-52-01 एवं धरोहर राशि जो कि बजट मद 8443-00-108-00-00 के द्वारा एक कार्य का एक ही ई–चालान/ डिमाण्ड ड्राफ्ट से जमा करवाना आवश्यक है, जो कि 23616–अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा अभि विभाग उ.वि. एवं राजस्व खण्ड प्रथम बीकानेर के नाम देय हो । एक कार्य का एक ही चालान से जमा करवाना आवश्यक है । बोली प्रपत्र, ई–चालान/डिमाण्ड ड्राफ्ट इस कार्यालय में दिनांक 26.02.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक जमा करवाना आवश्यक होगा।

आर.पी.डब्ल्यू.ए.–100 की समस्त शर्ते लागू होगी। कुल 5 कार्य है जिनकी कुल लागत **20.68** लाख है।

एसपीपी कोड संख्या :–
PHE2526WSOB14287, PHE2526WSOB14288
PHE2526WSOB14289, PHE2526WSOB14291
PHE2526SSOB14292

(नितेश सागर)
अधिशाषी अभियंता,
जन स्वा. अभि. विभाग नगर,
उ.वि. एवं राजस्व खण्ड प्रथम,
बीकानेर

DIPR/C/3649/2026



**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 16.03.2026 को 15.00 बजे तक खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। **(1) निविदा संख्या:** 289, **कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मंडल इंजीनियर / हनुमानगढ़–प्रथम के अधीन बठिण्डा–हनुमानगढ़ खण्ड पर स्थित पाँच मानव सहित समपारों (समपार सं. 07, 14, 23, 36 व 61–। कवरिंग सहित) के स्थान पर आरयूबी का प्रावधान करना। **अनुमानित लागत मूल्य:** ₹ 411625757.55/– **धरोहर राशि:** ₹ 2208100.00/– **(2) निविदा संख्या:** 290, **कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मंडल इंजीनियर / मुख्यालय, बीकानेर के अधीन मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, बीकानेर में स्थित कंट्रोल ऑफिस में बैटरी एवं यूपीएस सुविधा के लिए दो कमरों का प्रावधान करना तथा अन्य संबंधित कार्य करना।। **अनुमानित लागत मूल्य:** ₹16430872.22/– **धरोहर राशि:** ₹ 232200.00/– **नोट:** अन्य शर्तें रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।

279-DK/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें